हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 18 फरवरी 2026



04 देखते ही बन रही थी दूल्हा बने भगवान श्री नीलकंठेश्वर...



07 जुगाड़ से चल रही आईसीडीएस की व्यवस्था...



## खबर संक्षेप

### आपातकालीन चिकित्सा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण 20 को

**सागर।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत मध्यप्रदेश के 06 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें से सागर जिला एक है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत सागर जिले में 246 सड़क सुरक्षा मित्रों का चयन किया जाकर माय भारत पोर्टल पर उनका पंजीयन किया जा चुका है। सड़क सुरक्षा मित्रों के लिए आपातकालीन चिकित्सा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 फरवरी को पदमाकर सभागार, मोतीनगर सागर में प्रातः 10:30 बजे से सांय 05:30 बजे तक आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशिक्षण दिया जावेगा तथा चयनित सड़क सुरक्षा मित्रों को चयन पत्र, हेलमेट, सेफ्टी जैकेट, परिचय पत्र आदि निःशुल्क प्रदान किये जावेगें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा उसकी हेण्डलिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### आपचन्द में गिट्टी का अवैध परिवहन पर कार्रवाई

**सागर।** जिले में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री संदीप जी आर के निर्देशानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सागर तहसील अंतर्गत आपचन्द में खनिज विभाग द्वारा गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त किया गया। जब्त वाहन को थाना सनोधा में खड़ा कराया गया है। खनिज अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### उड़न दस्ता द्वारा किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 हाईस्कूल परीक्षा विषय अंग्रेजी का केन्द्र कमांक 241018 शास. सांदीपनि उ.मा.वि. जैसीनगर का संयुक्त संचालक एस.पी. सिंह बिसेन, सहायक संचालक मनीषा अलेक्जेण्डर, संभागीय व्यव. समन्वयक शिबेन्द्र बंसल एवं संभागीय समन्वयक आईटी सेल शुभम तिवारी के दल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अशासकीय संस्था महाराणा प्रताप उ.मा.वि. जैसीनगर के तीन परीक्षार्थी संदिग्ध पाए गए। जिसकी सूचना केन्द्राध्यक्ष द्वारा थाना प्रभारी थाना जैसीनगर को दी गई। इस दौरान निरीक्षण दल द्वारा दो नकल प्रकरण भी दर्ज किये गए।



### जनसुनवाई में हुई 138 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 138 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 138 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

## स्वगणना पोर्टल के माध्यम से नागरिक जानकारी अपडेट कर सकेंगे

# जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता व निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जनगणना का सभी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए करें एवं स्व गणना पोर्टल के माध्यम से नागरिक अब अपनी जानकारी अपडेट कर सकेंगे। साथ ही डेटा कलेक्शन पूरे विश्वास के साथ करें। उक्त जानकारी कलेक्टर श्री संदीप जी. आर. ने जनगणना–2027 जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण में दी। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने बताया कि जनगणना 2027 का कार्य तीन चरणों में होना है, जिसमें सर्वप्रथम 1 मई से मकानों की गणना की जाएगी। इसी प्रकार आगे के दो चरण होंगे। उन्होंने कहा कि प्रगणकों को नियुक्त किया जाएगा, उनका प्रशिक्षण विस्तार से दिया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, चार्ज अधिकारी पी. एल. प्रजापति, मास्टर ट्रेनर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर शिवांशु कुमार एवं पवन कुमार ने बताया कि अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। घर-घर डेटा संग्रहण के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। मोबाइल एप के माध्यम से होगा डिजिटल सर्वे। अधिकारियों ने कार्यप्रणाली, प्रगणक और पर्यवेक्षक के दायित्वों की जानकारी दी। कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जनगणना 2027 की आवश्यक जानकारी देते हुए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री शिवांशु कुमार एवं श्री पवन कुमार ने बताया कि जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को भारत की जनगणना के संबंध में संक्षिप्त परिचय एवं नीति निर्माण सहित जनगणना 2027 के मुख्य बिंदुओं एवं प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कर्ता अधिकारियों द्वारा सभा कक्ष में उपस्थित जिले के समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारी (तहसीलदार), जिला सूचना अधिकारी को प्रक्रिया में आंकड़ों की सटीकता के महत्व आदि की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना 2027 के दौरान डेटा संग्रह और उसकी जांच की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि आंकड़ा संग्रहण करने के लिए प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर स्वयं के मोबाइल फोन में एप के माध्यम से जानकारी एकत्रित करना तथा स्वगणना (एसई) पोर्टल के माध्यम से जानकारी का एकत्रीकरण किए जाने के संबंध में भी अवगत कराया गया। स्वगणना पोर्टल के माध्यम से नागरिक जानकारी अपडेट कर सकेंगे, जिसे बाद में प्रगणक द्वारा सत्यापित कर सबमिट किया जाएगा। इसी प्रकार प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को प्रगणक और पर्यवेक्षक के कार्य प्रवाह के संबंध में भी विस्तार पूर्वक समझाया गया। राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री शिवांशु कुमार एवं श्री पवन कुमार ने बताया कि पूरी जनगणना प्रक्रिया के दौरान प्रशिक्षण, एचएलबी की पहचान तथा लेआउट मैप, डेटा संग्रहण एवं सत्यापन, डेटा सिंक एवं पर्यवेक्षण तथा समापन और प्रमाणन प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा।

बैठक के दौरान प्रगणकों के मुख्य कर्तव्यों से भी उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिसमें प्रशिक्षण, मोबाइल एप के उपयोग, मकान सूचीकरण, एचएलबी का लेआउट तैयार करना, एचएलओ एप के माध्यम से डेटा एकत्रित करना सहित पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने जैसे घटकों की जानकारी दी गई। राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर शिवांशु कुमार एवं पवन कुमार ने बताया कि इसी प्रकार पर्यवेक्षकों के मुख्य कर्तव्यों से अवगत कराते हुए बताया गया कि सुपरवाइजर ऐप और फील्ड निरीक्षण के माध्यम से प्रगणक के डेटा की निगरानी, फील्ड कार्य के दौरान प्रगणक को इस कार्य से संबंधित कोई समस्या आए तो उसका निराकरण जैसी अन्य जानकारी भी प्रदान की गई।

### मालथौन विकासखंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के 5 मार्गों के उन्नयन हेतु सर्वे पूर्ण



**सागर।** मालथौन विकासखंड अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के 5 मार्गो के उन्न्यन हेतु सर्वे कराया गया है। साथ ही शासकीय महाविद्यालय मालथौन में बाउंड्रीवाल, खेल मैदान और स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने के संबंध में प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं और स्वीकृति के उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रश्नों के जबाव में दी गई है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन विकासखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनांतर्गत निर्मित मार्गों पर बढ़ते यातायात दबाव के कारण उनके उन्नयनध्मजबूतीकरण को लेकर जानकारी मांगी थी। इस पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटैल ने बताया है मालथौन विकासखंड अन्तर्गत इमलिया से आसोली, दुगहाकलॉ से दुगहाखुर्द, दुगहाकलॉ से झोलसी, रजवांस से हड़ली पाली झिकनी से चन्द्रपुर मार्गों पर यातायात दबाव को देखते हुए ए.टी.सी.सी. सर्वे कार्य कराया गया है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर तकनीकी औचित्य सिद्ध होने तथा सक्षम स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत ही उन्नयनध्मजबूतीकरण की कार्यवाही की जाएगी। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिं ने शासकीय महाविद्यालय मालथौन में सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल निर्माण, खेल मैदान एवं पवेलियन निर्माण की आवश्यकता तथा स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ किए जाने के संबंध में जानकारी चाही। जिसके जबाव में उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने उत्तर में कहा है कि बाउंड्रीवाल एवं खेल मैदान विकास की आवश्यकता है। बाउंड्रीवाल निर्माण का प्रस्ताव स्थायी वित्त समिति द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है, जबकि खेल मैदान विकास हेतु उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने के संबंध में मंत्री श्री परमार ने बताया कि विभागीय मापदंडों के अनुरूप प्रस्ताव परीक्षणाधीन है। विधानसभा में दिए गए इन उत्तरों से स्पष्ट है कि क्षेत्र की आधारभूत संरचना और उच्च शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में प्रक्रियाएं जारी हैं।




### गढाकोटा में अखिल भारतीय बंसल समाज संगठन ने निकाला कैंडल मार्च

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में सोमवार के दिन अखिल भारतीय बंसल समाज संगठन ने बीते दिनो सागर में गोली मारकर विवेक बंसल 15 वर्ष की निर्मम हत्या के विरोध में कैडिल मार्च निकाला जो कि नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए बस स्टेण्ड पहुंचा जहां नारे बाजी एवं भाषण के साथ समापन किया गया। ओर सभी लोगों ने भावपूर्ण श्रंद्धाजली दी। जिला अध्यक्ष द्वारा शासन प्रशासन से अपील की गई कि विवेक बंसल को न्याय मिले एवं दोषी को कठोर कार्रवाई की जाये,साथ ही समाज पर इस प्रकार के अत्याचार हुए तो हम बाजा बजाना बंद कर देगे एवं धर्म परिवर्तन भी कर सकते हैं ।इस अवसर जिलाध्यक्ष राधे लाल बंसल, बहादुर मासाब, अजय माते, मुकेश मास्टर, आशाराम, सत्तू दाऊ, विजय सरपंच, उत्तम लाल, डॉ.राजेश, पप्पू, अशोक, राजकुमार मास्टर, अन्नू भाई, राजेश, राकेश, कमल ठेकेदार, रवि भाई, संजू, प्रीतम, विवेक, गोरव, उमराई दादा, मुन्ना,हरीराम, संतोष, सुरेन्द, कलू, अनिल, लालू, पवन, लक्ष्मण सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।



### विट्ठल नगर वार्ड श्मशान घाट पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की


**सागर।** विट्ठल नगर वार्ड स्थित श्मशान घाट के जीर्णोद्धार कार्यों में लापरवाही तथा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार पीयूष जैन पारस बिल्डकॉन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश मंगलवार को निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा निरीक्षण के दौरान दिए गए। यह निरीक्षण नगर निगम सागर द्वारा श्मशान घाट के उन्नयन एवं सुविधाओं के विस्तार हेतु कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेने के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम अध्यक्ष एवं निगमायुक्त ने निर्माण कार्यों के विभिन्न पहलुओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निगमायुक्त श्री खत्री ने कहा कि नगर निगम द्वारा कराए जाने वाले सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण होना अनिवार्य है। यदि किसी भी कार्य में कमी या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने इंजीनियरिंग अमले को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा नियमित रूप से गुणवत्ता परीक्षण किया जाए। यदि कहीं भी त्रुटि या अनियमितता दिखाई दे तो उसकी रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए, जिससे समय रहते सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके। निगमायुक्त ने यह भी कहा कि सार्वजनिक उपयोग से जुड़े स्थलों के निर्माण में विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## स्वामी विवेकानंद वि.वि. सागर में सप्त शक्ति संगम का हुआ भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




विगत वर्ष से संपूर्ण देष में चल रहे विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा संचालित सप्तशक्ति संगम के कार्यक्रम का स्वामी विवेकानंद वि.वि. सागर मध्य प्रदेश में हुआ भव्य समापन। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं अतिथियों के आदर सत्कार के साथ हुआ। सरस्वती वन्दना-सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय, मोतीनगर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। वृत्त कथन सप्तशक्ति संगम, महाकोशल प्रान्त की सह प्रान्त प्रभारी मनीषा ठाकुर ने देते हुए कहा कि 5 अक्टूबर 2025 से 19 फरवरी 2026 तक संचालित कार्यक्रम 8 जिलो में हुए जिसमें 145931 मातृशक्तियाँ सम्मलित हुई। जिसे विस्तार से पी.पी.टी. के माध्यम से बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन, भारतीय स्त्री शक्ति मध्य प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि समाज उत्थान में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और बहुआयामी है। महिला परिवार, शिक्षा और संस्कार की प्रथम आधारशिला होती है, जिसके माध्यम से वह भावी पीढ़ी का निर्माण करती है। आज महिलाएँ केवल गृहस्थी तक सीमित न रहकर प्रशासन, विज्ञान, शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक सेवा में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज को सशक्त और संतुलित बनाती है। तदपष्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पी.टी.सी., की पुलिस अधीक्षक लवली सोनी ने कहा कि महिला परिवार और समाज की आधार शिला होती है। बच्चों को नैतिक मूल्य, संस्कार, अनुशासन और सामाजिक व्यवहार की पहली शिक्षा प्रायः माँ के माध्यम से ही मिलती है। महिला के संस्कारपूर्ण योगदान से परिवार सुदृढ़ होता है। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में सप्तशक्ति संगम, महाकोशल प्रान्त संयोजिका अर्चना गुप्ता ने कहा कि कुटुंब प्रबोधन से पारिवारिक संबंध मजबूत होते हैं, संवाद और समन्वय बढ़ता है तथा बच्चों में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभाव का निर्माण होता है। सुदृढ़ और जागरूक कुटुंब ही एक स्वस्थ, समरस और प्रगतिशील समाज की आधारशिला होता है। अपनी वेशभूषा पर गर्व करना अपने सांस्कृतिक मूल्यों और आत्मसम्मान को सहेजने का प्रतीक है। इस अवसर पर आदिशक्ति गीत-सरस्वती शिशुमंदिरउ.मा. विद्यालय, लक्ष्मीपुरा द्वारा प्रस्तुत किया गया। अंजली दुबे ने कहा कि सफलता तब तक पूर्ण नहीं मानी जा सकती, जब तक उसमें संवेदन शीलता और मानवीय सरोकार न हों।



### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित हुआ

**गढ़ाकोटा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अकम्प नेत्र परीक्षण, आँखों का अस्पताल, नगर पालिका परिषद, दुकान नंबर–21 द्वारा 0 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण, चश्मा एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दिनांक 13, 14 एवं 15 फरवरी 2026 को प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया। नेत्र सहायक रीता जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 फरवरी को 11 बच्चों का, 14 फरवरी को 13 बच्चों का तथा 15 फरवरी (महाशिवरात्रि) के दिन 16 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस प्रकार कुल 40 बच्चों की आँखों की जाँच कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मा एवं दवा वितरण किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक अवस्था में ही आँखों की बीमारियों की पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराना था। अभिभावकों ने इस सेवा कार्य की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की।

### महाशिवरात्रि पर साई निलयम में गूंजा डम-डम-डम-डम डमरू बजे, देर रात तक हुए भजन

**सागर।** सत्य साई सेवा समिति सागर ने महा शिवरात्रि पर सिविल लाइन स्थित साई निलयम में रविवार को विशेष भजन का आयोजन किया। इस दौरान डम-डम-डम डमरू बजे हर भोला नाथ शिव शंभू बजे, शैल गिरीश्वर उमा महेश्वर, हर गंग जटाधर गौरीशंकर गिरिजा मन रमणा जैसे भजन देर रात तक किए गए। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि समिति की युवा विंग पुरुष व मातृशक्ति ने लय, ताल, उच्चारण, भाव से भजन गाकर पूरा माहौल शिवमय कर दिया। आगे भी इससे बढ़कर प्रयास की आवश्यकता है। आध्यात्मिक प्रभारी डॉ प्रेम चतुर्वेदी ने महामंगल आरती की। इस दौरान



अनिरुद्ध पिंपलापुरे, देवेन्द्र मुखारया, रेखा मुखारया, प्रीति चतुर्वेदी, कीर्ति दुबे, प्रिया विश्वकर्मा, प्रियंका शर्मा, संदीप शिंदे, डॉ अमित दुबे, डीपी सेन, नविता यादव, यशा भट्ट, सुनीत गुप्ता, ऋषिका विश्वकर्मा, अनमोल दुबे, निशांत-पार्थ यादव, सत्यम-नवीन यादव, भाव्या-माही शर्मा, लाल सिंह तोमर, सचिन ठाकुर आदि उपस्थित थे। संयोजक जितेंद्र यादव ने आभार माना।

## मधुकर शाह वार्ड से कुत्तों के बधिया करण एवं टीकाकरण का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए

# कुत्तों की नसबंदी हेतु अधिकृत एजेंसी यारा फाउंडेशन पुणे ने नगर निगम आयुक्त के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




नगर निगम क्षेत्र में कुत्तों की रोकथाम हेतु बधियाकरण एवं टीकाकरण के लिए अधिकृत एजेंसी पुणे की यारा फाउंडेशन एनजीओ द्वारा नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया। आरा फाउंडेशन के डाक्टर पुष्पेंद्र प्रजापति एवं उनकी टीम के सदस्यों ने बताया कि कुत्तों का बधियाकरण एवं उनका उपचार वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा, जिन स्थानों से मेल एवं फीमेल कुत्तों को पकड़ेंगे उनकी नसबंदी एवं एंटी रेबीज टीकाकरण के पश्चात उसी स्थान पर छोड़ा जाएगा जिससे उनकी संख्या सीमित रहेगी। कुत्तों को पकड़ने में लोहे के जाल का उपयोग नहीं किया जाएगा जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की हानि न हो।

कैनाइन एनिमल बर्थ कंट्रोल एवं एंटी रैबीज़ यारा फाउंडेशन मई 2022 में पंजीकृत एनजीओ भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त है जो वर्ष 2023 से सागर में अनेक एनिमल बर्थ कंट्रोल एवं मेडिकल कैंप आयोजित कर एंटी रैबीज़ टीकाकरण अभियान में 500 से ज्यादा सर्जरी कर चुका है तथा डॉ. पुष्पेंद्र प्रजापति को 2 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है।सागर नगर निगम क्षेत्र में एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) कार्यक्रम सीएनवीआर प्रक्रिया के अनुसार संचालित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एनिमल बर्थ कंट्रोल नियम 2023 के अनुसार किया जाएगा और एक स्थानीय एनिमल बर्थ कंट्रोल मॉनिटरिंग समिति गठित की जाएगी, जो कार्यक्रम की निगरानी के लिए उत्तरदायी होगी। कुत्तों को किसी क्षेत्र से पकड़ने से पहले नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों एवं स्वयंसेवकों की सहायता से घोषणा/परामर्श किया जाएगा तथा किसी क्षेत्र में कम से कम 70 प्रतिशत कुत्तों की नसबंदी करने के बाद ही अगले क्षेत्र में बधिया करण की कार्रवाई की जावेगी। कुल नसबंदी किए गए कुत्तों में से कम से कम 60 प्रतिशत मादा होंगी । रैबीज़ मुक्त शहर के साथ ही कुत्ता पकड़ने की प्रक्रिया के तहत मानवीय एवं सौम्य तरीके से पकड़ने हेतु प्रशिक्षित डॉग कैचर्स की नियुक्ति की जाएगी। सभी डॉग कैचिंग स्टाफ को रैबीज़ का टीकाकरण अनिवार्य किया गया है। 6 माह से अधिक आयु के कुत्तों को पकड़ा जाएगा ,2 माह से कम आयु के बच्चों को दूध पिलाने वाली मादा को नहीं पकड़ा जाएगा ।

नसबंदी टीकाकरण-मादा कुत्तियों की ओवरी एवं गर्भाशय निकालने की शल्यक्रिया (स्पे सर्जरी) जिससे हीट साइकिल एवं गर्भधारण रुकता है ,की जाएगी।सभी ऑपरेशन किए गए कुत्तों को एंटी-रैबीज़ टीका लगाया जाएगा।ऑपरेशन के बाद नसबंदी कुत्तों की पहचान हेतु कान पर ट-आकार का निशान (ईयर-नॉच) होगा। सर्जरी के बाद न्यूनतम 3 दिन तक निगरानी में रखा जाएगा। कुत्तों के लिए बनाए गए ऑपरेशन थिएटर एवं केनल क्षेत्र में सीसीटीवी से निरंतर निगरानी होगी,जहाँ से उन्हें पकड़ा गया था। पर्याप्त रूप से स्वस्थ न होने पर कुत्तों को नहीं छोड़ा जाएगा। कुत्तों को पकड़ने एवं छोड़ने की तिथि वार्ड-वार मासिक डाटा रखा जाएगा ।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने यारा फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुति के बाद कहा कि सबसे पहले मधुकर शाह वार्ड से कुत्तों के बधिया करण का कार्य शुरू करें क्योंकि वहां पर आवारा कुत्तों ने एक बच्ची पर हमला कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### बाइक फिसलने से दो मौसेरे भाइयों की मौत

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र में सुबह करीब 8 बजे झाड़ियों में दो युवकों के शव मिलने की खबर आग की तरह फैल गई। बताया जा रहा है कि हादसे में मृत मिले युवकों की पहचान मौसेरे भाइयों के तौर पर हुई है, जिनकी मौत देर रात अनियंत्रित बाइक की पेड़ से टक्कर के बाद वाहन झाड़ियों में गिरने से हुई है। राहगीरों ने शव दिखने पर इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम धवा में रविवार को अपने मामा हनुमत के घर मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जहां खाना खाने के बाद दोनों बाइक से मड़ावरा की ओर निकले थे। लहर धाम तिराहे के पास एक तीखी मोड़ पर उनकी बाइक अनयंत्रित हो गई और सीधे बबूल के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक करीब 10 फीट आगे झाड़ियों में जा गिरी। वहीं दोनों युवक पेड़ से टकराकर नीचे खाई में गिर गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 8 बजे तिराहे के पास से गुजर रहे राहगीरों ने युवकों के शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मड़ावरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों शवों को मड़ावरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है। मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। मृतकों की पहचान नाराहट थाना क्षेत्र के ग्राम बनयाना निवासी 16 वर्षीय विवेक पुत्र मुकेश और बानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खिरिया छतारा निवासी राघवेंद्र पुत्र पूरन अहिरवार के रूप में हुई है। दोनों मौसेरे भाई थे। मड़ावरा थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि बाइक की रफ्तार तेज होगी और मोड़ पर उसे काबू नहीं कर पाए होंगे, जिसके कारण वह सीधी पेड़ से टकरा गई।

### फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित थाना नाराहट के ग्राम कलौथरा व हाल रामनगर हाई-वे निवासी रामनरेश पुत्र वृंदावन निरंजन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित के अनुसार लगभग 6-7 माह पूर्व मोहल्ला पिसनारी बाग निवासी यश बुंदेला पुत्र भगत राजा ने उसके मोबाइल फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकियां दी जाने लगी थीं। उस समय आरोपी के परिजनों द्वारा समझाने के बाद मामला शांत हो गया था, जिस कारण पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। लेकिन 14 फरवरी 2026 को दोपहर लगभग 12.22 बजे आरोपी ने फिर से मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। इस धमकी से पीड़ित भयभीत हो गया और उसे अपनी जान-माल की आशंका सताने लगी। पीड़ित ने धमकी भरे मैसेज का स्क्रीनशॉट भी पुलिस को साक्ष्य के रूप में सौंपा है।

### जमीन के नाम पर ठगी कर धमकाया

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी, अवैध वसूली और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित आजाद चौक लक्ष्मीपुरा निवासी पृथ्वी बाल्मीकि पुत्र राकेश बाल्मीकि ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि थाना जाखलौन के ग्राम करमुहारा व हाल मोहल्ला पिसनारी निवासी सत्यभान यादव उर्फ गोलू ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उससे धोखाधड़ी, मारपीट और धमकी की।पीड़ित के अनुसार, उसकी पहचान सत्यभान यादव से उसके मित्र के माध्यम से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे अलग-अलग समय पर फोन-पे के जरिए कभी 2500, कभी 3000 तो कभी 5000 रुपये लिए। बाद में आरोपी ने अपने गांव करमुहरा स्थित जमीन को कम दाम में बेचने का लालच देकर पीड़ित से करीब साढ़े चार लाख रुपये एडवांस के रूप में ले लिए। जब जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात आई तो आरोपी ने इलाज का बहाना बनाकर और रुपये मांग लिए।

## अपनी भव्यता और दिव्यता से लोगों को आकर्षित कर रहा था शिव मंदिर

# देखते ही बन रही थी दूल्हा बने भगवान श्री नीलकंठेश्वर की छवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाली (ललितपुर)



महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव माता पार्वती के विवाह को लेकर विंध्याचल की वादियों में स्थापित श्री नीलकंठेश्वर मंदिर को इस तरह फूलों से सजाया गया कि जिसकी दिव्यता और भव्यता देखते ही बन रही थी। काले बलुए पत्थर से निर्मित भगवान शिव के स्वरूप नीलकंठ को जब दूल्हा की तरह सजाया गया तो हर कोई भगवान की झलक पाने लाइन में बना रहा। सैकड़ों लोग भगवान भोलेनाथ के दरबार में पहुंचे। मंदिर में दिन भर धार्मिक अनुष्ठानों को दौर चलता रहा, जहां कस्बे के हजारिया महादेव मंदिर से शिव बारात निकाली गयी तो वहीं देर शाम श्री नीलकंठेश्वर मंदिर में भगवान शिव- माता पार्वती के विवाह कार्यक्रम की धूम रही।

आयोजित शिव बारात में कोई नाचे गए तो कोई ढोल बजाए, कोई झूमे कूदे बम बम तो कोई जोर से बोले बम बम के बीच शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की बारात में पूरी तरह उत्साहित नजर आ रहे थे। बारात के स्वागत के लिए सड़कों के दोनों तरफ लोग कतार में खड़े होकर भगवान की बारात को देखने के लिए उनके स्वागत में खड़ा रहा। बारात में शामिल भूतों की पलटन भी बड़ी बनठन कर कोई नाच रहा था तो कोई ढोल बजा रहा था। पाली में महाशिवरात्रि में लोगों की आस्था, उत्साह देखते ही बन रहा था। पाली मुख्य बस स्टैंड से लेकर मुख्य बाजार तक केवल शिव के बाराती ही नजर आ रहे थे। क्या बच्चे, क्या बूढ़े और क्या महिलाएं हर कोई भोले का दीवाना बनकर भक्ति धुनों पर थिरक रहा था। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कस्बा पाली हर हर महादेव शिव शंभू के जयकारों से गुंजायमान रही।

### मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए

मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। भोलेबाबा की विवाह हल्दी से लोगों ने अपने बच्चों के मुंडन भी कराए। महाशिवरात्रि पर कस्बे से निकली बारात का जगह जगह जोरदार स्वागत किया। महाशिवरात्रि पर्व के चलते विंध्याचल की वादियों में विराजे नीलकंठेश्वरधाम में जुटे शिवभक्तों की भीड़ की रौनक देखते ही बन रही थी। भगवान शिव की त्रिमुखी प्रतिमा को आकर्षक रूप से सजाया गया। नीचे स्थापित ज्योतिर्लिंग का भव्य श्रंगार किया गया जो देखते ही बन रहा था। सुबह से जुट रहे शिवभक्तों ने सीतामढ़ी कुण्ड में स्नान कर भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर सुखद जीवन की कामना की। मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच धार्मिक अनुष्ठानों चलते रहे। वही हजरिया महादेव मंदिर में शिवलिंग का ऊँ नमः शिवाय मंत्र जाप के साथ जलाभिषेक, रुद्राभिषेक किया गया। इसके बाद मंदिर से शिवबारात का शुभारंभ रंगारंग आतिशबाजी के साथ हुआ। बारात में सबसे आगे युवक धर्मध्वजा फहराते हर हर बम बम के जयघोष करते चल रहे थे। रमतूला नृत्य पर कलाकार बुन्देलीकला के विभिन्न नजारे पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे थे। भगवान ब्रह्मा, विष्णु, नारद घोड़े बग्घी पर सवार होकर चल रहे थे, इसके बाद भूतप्रेतों की टोली अपना खूबसूरत हुडदंग मचाती हुई शिव बारात को चार चांद लगा रही थी। अपने वाहन नन्दी पर सवार भोलेबाबा के स्वरूप की मंद मंद मीठी मुस्कान शिवभक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। पीकर शंकर जी की बूटी..आदि तरानों पर शामिल बराती खूब नृत्य कर चल रहे थे। बारात मुख्य बजार, गांधी चौक, रेंजचो की होती हुई नगर भृमण को निकली। बारात का जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया। शिवबारात को सफल बनाने के लिए पत्रकार अमित पांडेय, चेयरमैन मनीष तिवारी, आशीष चौरसिया, नरेंद्र ताम्रकार, राजेश नामदेव, राजू चौरसिया, मनीराम नामदेव, रामगोपाल साहू, प्रशांत साहू, दीपेंद्र जैन, शिब्बू चौरसिया, हरगोविंद कुशवाहा, उमेश सोनी, मोनू राय, सुनील नामदेव, गोपाल चौरसिया आदि मौजूद रहे तो वहीं श्री नीलकंठेश्वर मंदिर परिषर में प्रसाद वितरण व भण्डारे में कमलेश चौरसिया, देवकीनंदन चौरसिया, विनय चौरसिया, राजकुमार चौरसिया, उमाशंकर चौरसिया, घनश्याम चौरसिया, जगदीश चौरसिया, मम्मा साहू सहित मित्र मंडली ने अपना विशेष योगदान दिया। महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए थाना प्रभारी दीपक कुमार अपने दलबल के साथ मौजूद रहे।

## मासिक समीक्षा गोष्ठी हुई

# एएचटीयू, एसजेपीयू की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सोमवार को थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटीयू) व एसजेपीयू की मासिक समन्वय गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपराह्न 1 बजे से संपन्न हुआ।

कार्यशाला एसपी के निर्देशन में एएसपी (नोडल अधिकारी) कालू सिंह की उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। एएचटीयू, एसजेपीयू तथा जनपद के समस्त थानों में नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने सहभागिता की। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुपालन, अनुसंधान की गुणवत्ता, तथा थानों पर तैनात बाल कल्याण अधिकारियों के समक्ष आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही बाल गुमशुदगी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर अपराध, एससी/एसटी एक्ट एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने किशोर न्याय अधिनियम-2015 में हुए नवीनतम संशोधनों, पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकरण के 24 घंटे के भीतर सीडब्ल्यूसी को सूचना देने, पोक्सो मामलों में फार्म ए व बी तथा एसबीआर रिपोर्ट समय से प्रेषित करने, और बाल कल्याण अधिकारी द्वारा निर्धारित कर्तव्यों के पालन पर विशेष मार्गदर्शन दिया। साथ ही पॉक्सो से संबंधित अभियुक्तों को माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त जमानत नोटिस समयबद्ध रूप से बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनपद में गुमशुदा बच्चों से संबंधित पंजीकृत व लंबित मामलों, पोक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज अभियोगों की समीक्षा की गई तथा जेजे एक्ट से संबंधित आदेश-निर्देशों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनी। इस दौरान सीडब्ल्यूसी, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन कार्यालय, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, जन साहस, वन स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं सभी थानों से जुड़े बाल कल्याण अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों का नंबर हैंग कर आईडी बनाकर कर रहे थे परेशान

# पीछा, अश्लील इशारे, मैसेज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली ललितपुर क्षेत्र में एक विवाहित महिला के साथ लगातार छेड़छाड़, मानसिक उत्पीडऩ और साइबर उत्पीडऩ का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला महिला की सुरक्षा और निजता से जुड़ा होने के कारण पुलिस इसे गंभीरता से ले रही है। शहर में रहने वाली महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पति नौकरी करते हैं और अक्सर घर से बाहर रहते हैं। इसी बात का फायदा उठाकर नझाई बाजार व तालाबपुरा निवासी नामजद तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति उन्हें लंबे समय से परेशान कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार जब भी वह घर से बाहर निकलती हैं, आरोपी उनका पीछा करते हैं। रास्ते में अश्लील इशारे किए जाते हैं और अभद्र टिप्पणियां की जाती हैं। कई बार विरोध करने पर आरोपियों द्वारा गाली-गलौज की गई और डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी रात के समय उनके घर आकर दरवाजा खटखटाते हैं और अश्लील पर्चियां घर के अंदर फेंककर फरार हो जाते हैं। इससे पूरा परिवार दहशत में है और महिला को घर में भी सुरक्षित महसूस नहीं हो रहा।

### मोबाइल पर अश्लील संदेश मिलने का बनाते दबाव

पीड़िता का कहना है कि आरोपियों द्वारा अलग-अलग मोबाइल नंबरों से वाट्सएप और सामान्य संदेशों के माध्यम से लगातार अश्लील टेक्स्ट मैसेज भेजे जाते हैं। साथ ही बात करने और मिलने का दबाव बनाया जाता है। मना करने पर आरोपी धमकी देने लगते हैं कि उनके पास महिला से संबंधित कथित आपत्तिजनक वीडियो हैं।

### जान से मारने की धमकी मानसिक तनाव में पीड़िता

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि विरोध करने पर आरोपियों ने कई बार जान से मारने की धमकी दी। लगातार हो रहे उत्पीडऩ के चलते पीड़िता और उसका परिवार भय और मानसिक तनाव में जीने को मजबूर है।

### बेटे के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाने का आरोप

मामले को और गंभीर बनाते हुए महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनके बेटे के नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी भी बना दी, जिससे उनकी सामाजिक छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे साइबर अपराध का पहलू भी सामने आया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती, फिर धमकी और ब्लैकमेलिंग

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां सोशल मीडिया के जरिए युवती से संपर्क कर उसके फोटो वायरल करने की धमकी देने और जबरन शादी का दबाव बनाने का आरोप लगा है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनकी 21 वर्षीय पुत्री स्थानीय कॉलेज में अध्ययनरत है। इसी दौरान आरोपी कर्माबाई नगर निवासी प्रशान्त साहू ने इंस्टाग्राम के माध्यम से बातचीत शुरू की और धोखे से युवती के कुछ फोटो अपने मोबाइल में ले लिए। बाद में जब युवती ने बातचीत से इनकार किया तो आरोपी ने फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए युवती का पीछा करना शुरू कर दिया।आरोप है कि आरोपी ने रास्ते में रोककर युवती को धमकाया और परिजनों पर जबरन शादी कराने का दबाव बनाया। इतना ही नहीं, शादी न करने पर पेट्रोल डालकर जला देने या गोली मारने जैसी गंभीर धमकियां भी दी गईं। पीड़ित पिता के अनुसार आरोपी घर आकर भी परिवार को डराने-धमकाने लगा।घटना 6 फरवरी की शाम उस समय और गंभीर हो गई जब पिता अपनी बेटी के साथ कचहरी चौराहे से रेलवे स्टेशन जा रहे थे, तभी आरोपी ने उनका पीछा करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने 7 फरवरी को कोतवाली ललितपुर में लिखित तहरीर दी। पुलिस ने दर्ज कर लिया है।

## अहिरवार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

# ग्यारह वर-वधुओं ने किया नव दांपत्य जीवन में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिले के ग्राम छिल्ला में अहिरवार समाज द्वारा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलनकासफलआयोजनकियागया समारोह में 11 वर-वधुओं ने नवदाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने एवं विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

समारोह में सभी 11 जोड़ों का विवाह बौद्ध पद्धति से पूर्ण विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। विवाह स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था और पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, सादगी तथा गरिमा का विशेष ध्यान रखा गया। मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए समाज को नशामुक्ति का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रेरणादायक पहल हैं, जो सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक बोझ को भी कम करते हैं। इस अवसर पर नवदंपतियों को उपहार एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। मंच से वक्ताओं ने समाज से अपील की कि ऐसे आयोजनों को निरंतर बढ़ावा दिया जाए, ताकि निर्धन परिवारों को सम्मान पूर्वकव िवाह संपन्न कराने का अवसर मिलसके। संचालन क्षमाधर शिक्षक एवं सुरेश कुमार मैनवार ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में गंधर्व सिंह लोधी, आला प्रसाद निरजंन, दीपक अहिरवार पूर्व जिलाध्यक्ष, सुजान पटेल जिलाध्यक्ष, भगवानदास प्रजापति, रामस्वरूप पटेल अपना दल, खुशालचंद शाहू, शाकिर अली, संतोष कुमार, अशोक बार, हरिशंकर पटेल, जमुना प्रसाद, रामकिशन, सुरेंद्र, राहुल गौतम, इंद्रजीत गौतम, सुरेंद्र पत्रकार, कृपाल गौतम पत्रकार, महेन्द्र कुमार, बीरन सिंह, केहर, रामदास जिलाध्यक्ष, बलराम, दुष्यंत सिंह, ब्रजेश, खुशीलाल, खिलानसिंह, हरिराम, महेश, अखिलेश, रानू, तेजराम, अरविंद, राजकुमारी गौतम, मीरा देवी, अनीता, मालती, जगदीश, मनोहर, रामदयाल, विष्णु, धर्मदास, सुनील, अरविंद मऊ, चेन्चेराम, नीरेन्द्र खिरिया, हरिश्चंद्र, रवि, खेल प्रताप, मुकेश, तुलसी, हीरा लाल, रंजीत, रक्खू, लखन, राहुल, टीकाराम, अनेक सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजक मोतीलाल गौतम, कुंवरलाल गौतम, महेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से सभी का आभार जताया।

### महिला से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

**ललितपुर।** जिले के थाना बार क्षेत्र में महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ग्राम लड़वारी निवासी दीक्षा बुंदेला पत्नी अवतार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार 15 फरवरी 2026 की शाम करीब सात बजे वह अपने भाई सुरेंद्र और अन्य परिजनों के साथ लडवारी तिराहा मंदिर के पास मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के ही अरविंद वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब पीड़िता के भाई ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पर आरोपी ने पीड़िता को धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी और उसकी कमर व पीठ में चोट आ गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने पीड़िता की बहन और बेटी के साथ भी मारपीट की तथा सभी को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर थाने गए तो दोबारा हमला किया जाएगा।

# गोविंद सागर बांध से शव बरामद हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शहर में लापता युवक की तलाश उस समय दुखद मोड़ पर आ गई, जब उसका शव गोविंद सागर बांध में बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना से पुलिस महकमे में हलचल मच गई और परिजनों की उम्मीदें टूट गईं। बताया गया कि चौबयाना मोहल्ला निवासी महेश रैकवार का पुत्र हर्षित रैकवार कुछ दिनों से घर से लापता था।

परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस से तलाश की गुहार लगाई थी। इसी बीच रविवार को स्थानीय नागरिकों ने गोविंद सागर बांध में एक शव तैरता देखा, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया और बांध से बाहर निकलवाया। पहचान होने पर परिजनों को सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, वहीं मृतक के परिजन बेसुध नजर आए। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत हादसा है, आत्महत्या या किसी अन्य कारण से हुई है।

## प्रधान की कार्यशैली संदिग्ध

# आबादी की भूमि पर अवैध निर्माण व कब्जे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के ग्राम महरौनी खुर्द में आबादी की भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जे का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित डोंडाघाट तालाबपुरा निवासी विक्रम सिंह पुत्र सुमरन सिंह ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़ित के अनुसार ग्राम महरौनीखुर्द स्थित खसरा संख्या 742, रकबा 0.376 हेक्टेयर भूमि, जो आबादी श्रेणी में दर्ज है और सड़क से लगी हुई है, इस पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। आरोप है कि ज्ञान सिंह पुत्र कन्हैया यादव द्वारा उक्त भूमि पर पक्का निर्माण करने की नीयत से तार फेंसिंग और पिलर लगाए जा रहे हैं, जबकि राकेश पुत्र मान सिंह द्वारा कूड़ा-कचरा डालकर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि ग्राम प्रधान सोबरन सिंह द्वारा पत्थर के निशान लगवाकर कब्जे को बढ़ावा दिया जा रहा है। पीड़ित ने मामले में नजरी नक्शा, खतौनी की नकल और बयान सहित साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए प्रशासन से अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्जकर लिया है।

## अब ऑपरेशन से दूर की जा सकती दिव्यांगता

# बुंदेलखंड में दिव्यांग का डर मिटा पैदल चलाकर संदेश दिया

### डा.आकाश खैरा द्वारा अपनी गई तकनीक से आश्चर्यजनक सफल ऑपरेशन पर मिल रही बधाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



डा.आकाश खैरा ने एक विकलांग व्यक्ति की दिव्यांगता को समाप्त कर उसे लम्बी दूरी पैदल तय करने के लायक बना दिया है। बुन्देलखंड क्षेत्र में पहली बार उपयोग की गयी अत्याधुनिक टीटीसी नेल द्वारा एंकल ऑथ्रोडेसिस सर्जरी तकनीकि से किए गये इस उन्नत ऑपरेशन की सफलता पर क्षेत्रीय अस्थि रोग विशेषज्ञ डा.खैरा को बधाईयां मिल रही हैं। मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत ग्राम बुड़ानपुर निवासी 50 वर्षीय सोबरन सिंह यादव का दायां पैर 5 महीने पहले एक दुर्घटना में टखने से टूट गया था। उसने अनेक स्थानों ग्वालियर और एम्स भोपाल में इसका इलाज कराया । पैसा पानी की तरह बहाया था, लेकिन वह सामान्य रूप से चलने फिरने लायक नहीं हो पाया था। उसके पैर में स्थायी दिव्यांगता आ गयी थी। जिससे वह भारी दर्द के साथ लंगड़ाकर मुश्किल से कुछ कदम ही चल पाता था। अनेक स्थानों पर इलाज कराने के बाद जब उसे कोई उम्मीद नहीं दिखी, तब वह डा.आकाश खैरा को दिखाने को आया। नवजीवन क्लीनिक में परीक्षण के बाद डा.खैरा ने उसका ऑपरेशन कर उसकी दिव्यांगता समाप्त करने का निर्णय लिया। उसका ऑपरेशन टीटीसी नेल द्वारा जटिल ऑर्थोडेसिस सर्जरी के माध्यम से ऋषिराज अस्पताल में किया गया। इस ऑपरेशन के बाद उसका मुड़ा हुआ खराब हो गया टखना सीधा और सही हो गया है। मरीज के साथ आये उनके नाती पुष्पेन्द्र ने अपने दादाजी की दिव्यांगता दूर करने पर ऑर्थो सर्जन टीम को धन्यवाद दिया है। उनके मरीज को अब तकलीफ और अपमानजनक हालात से निजात मिल गयी है। इस ऑपरेशन में निश्चतना विशेषज्ञ डा.खेमचंद वर्मा, डा.अंकित साहू, ओमकरन सिंह, रोहित राजपूत, जयदेव, विशाल कुशवाहा, बृगभान सिंह, सौरभ कुशवाहा, मुस्कान प्रजापति, वैशाली आदि ने सहयोग किया।

### इनका कहना है

मरीज के पैर में तलवे से मोटी नेल डालकर पैर के टखने की सारी हड्डियों को पिरोकर व्यवस्थित कर दिया गया है। यह आधुनिक तकनीकि पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक स्थायित्व प्रदान करती है। इससे रिकवरी तेज होती है। अब ऐसे ऑपरेशन के लिये बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। मरीज जल्द ही चलने फिरने लायक हो जायेगा। उसका टेड़ा पैर सीधा हो गया है, जिससे उसकी दिव्यांगता समाप्त हो गयी है।

**ऑर्थो सर्जन डा.आकाश खैरा**
**नवजीवन क्लीनिक ललितपुर**

### टीएचआर के लिए कार्यकर्ताओं से की जा रही 200 रुपए वसूली

# जुगाड़ से चल रही आईसीडीएस की व्यवस्था, खामियाजा उठा रहीं कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले में आईसीडीएस व्यवस्था जुगाड़ से संचालित होती दिखाई दे रही है। बीते एक साल से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिला मुख्यालय से अपने दूर दराज गांवों के केंद्रों तक टीएचआर के बैग खुद उठाकर ले जाना पड़ रहा है जो कार्यकर्ता टीएचआर उठाकर नहीं ले जाती है उससे भाड़े के लिए 200 रुपए वसूले जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं से हर माह टीएचआर उठाव के लिए की जा रही 200 रुपए की वसूली से कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी है इसकी बानगी पिछले दिनों जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन था जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने सीडीपीओ कार्यालय का घेराव किया था। और इस संबंध में ज्ञापन भी दिया था पर अधिकारी भी अपनी मजबूरी बता चुके हैं वह खाली जेब दूर दराज क्षेत्र में कैसे टीएचआर पहुंचाए यह उनकी भी समझ में नहीं आ रहा है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिला अध्यक्ष राज राजकुमारी राजपूत ने बताया कि बीते एक साल से जिले की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टीएचआर गोदाम से उठाकर खुद ले जा रही हैं। शहरी परियोजना ग्रामीण परियोजना 01 एवं ग्रामीण परियोजना 02 से जुड़े सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यकर्ता जिला मुख्यालय स्थित गोदाम से टीएचआर उठाकर ले जाने को मजबूर किया जा रहा है। पहले हमें आश्वासन दिया गया था कि कार्यकर्ताओं को टीचर उठाव का भुगतान अलग से किया जाएगा लेकिन आज तक एक रुपया भी किसी कार्यकर्ता को नहीं मिला कार्यकर्ताओं से जबरिया हम्माली करवाई जा रही है। कई आंगनबाड़ी केंद्र तो इतनी दूर है जहां टीएचआर ले जाने के लिए ऑटो वाले को 500 से 700 रुपए तक देने पड़ते हैं। जब कार्यकर्ता टीएचआर उठाकर नहीं ले जाती है तो सुपरवाइजर के माध्यम से सीडीपीओ ने झूठे नोटिस दिलवाकर सेवा से पृथक करने की धमकी देती है कई कार्यकर्ताओं को इसी तरह नोटिस देकर उनके वेतन काटने के कार्रवाई की गई है सेवा से पृथक करने के कार्रवाई भी कर चुके हैं।



#### प्रदेश स्तर से आ रही समस्या

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से टीएचआर उठाव की समस्या प्रदेश स्तर की है विभागीय सूत्रों की माने तो प्रदेश सरकार द्वारा परिवहन टेंडर नहीं किए जाने से यह समस्या आई हैं। हालांकि भोपाल से जिला मुख्यालय तक टीएचआर के बैग भेजने के तो टेंडर किए हैं लेकिन जिला मुख्यालय से परियोजना कार्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र तक बैग भेजने के लिए जो परिवहन ठेका दिया जाना था शायद वह देना भूल गए अब यह गलती भोपाल की है या जिला वालों की है कह नहीं सकते लेकिन परेशानी तो उन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आ गई है जो आईसीडीएस की योजना के साथ-साथ सरकार की अन्य योजना का क्रियान्वयन में भी सहयोग कर रही है क्षमता से अधिक काम करने के बावजूद उसे कई किलोमीटर दूर तक टीएचआर के बैग उठा कर ले जाने पड़ रहे हैं।

#### कार्यकर्ताओं को परिवहन राशि देने का है नियम

विषम परिस्थितियों में अगर कोई वाहन फेल हो जाए तो ऐसी स्थिति में कार्यकर्ता अपने साधन से टीएचआर के बैग आंगनबाड़ी केंद्र तक ले जा सकती है लेकिन उसके लिए परियोजना कार्यालय को उसे परिवहन राशि देनी पड़ती है हालांकि यह व्यवस्था विषम परिस्थितियों के लिए है लेकिन बीते एक साल से श्योपुर जिले में परिवहन टेंडर नहीं होने के चलते कार्यकर्ताओं को रोज इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है हर माह टीएचआर के बैग ऑटो से उठाकर आंगनबाड़ी केंद्र तक ले जाने पड़ रहे हैं या फिर सुपरवाइजर को परिवहन के नाम पर अपनी जेब से 200 रुपए देने पड़ते हैं।

#### इनका कहना...

परिवहन ठेका नहीं होने की वजह से टीएचआर कार्यकर्ताओं से उठाओ करवाया जा रहा है लेकिन जो कार्यकर्ता उठाकर ले जा रही हैं उनके खातों में नियमानुसार परिवहन राशि डाली जाएगी। यह इसी माह डालने का प्रयास कर रहे हैं। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए डीपीओ महेंद्र अंब सर ने विभाग को मार्च माह में होने वाले टेंडर कराने के लिए पत्र भी लिख दिया है।

**नितिन मित्तल**
**सीडीपीओ शहरी परियोजना श्योपुर**

बीते 1 साल से कार्यकर्ताओं पर टीएचआर उठाकर केंद्र तक ले जाने का दवाब बनाया जा रहा है ग्रामीण परियोजना 01 एवं ग्रामीण परियोजना 02 में तो सुपरवाइजर बैग भेजने के लिए 200 रुपए कार्यकर्ताओं से पर केंद्र जबरिया वसूल रही हैं नहीं देने वाली कार्यकर्ताओं का नोटिस जारी किया जाता है सेवा से पृथक करने की धमकी दी जाती है।

**राजकुमारी राजपूत**
**जिलाध्यक्ष आंगनबाड़ी यूनियन (सीटू) श्योपुर**

### नारेबाजी करते थाने पहुंचे कार्यकर्ताओं ने उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# विधायक पर हुई एफआईआर से नाराज कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शिव बारात में विधायक बाबू जंडेल पर बड़ौदा थाने में हर्ष फायर करने के मामले में हुई एफआईआर से नाराज कांग्रेसियों ने मंगलवार को बड़ौदा थाने पर प्रदर्शन करते हुए एसडीओपी अवनीत शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें विधायक पर हुई एफआईआर को राजनीति से प्रेरित बताकर रद्द करने की मांग करते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ज्ञापन के दौरान बडौदा थाना प्रभारी सतीश सिंह चौहान भी मौजूद थे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बडौदा के लेटर पेड़ पर दिए गए इस ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि महशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्योपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक बाबू जण्डेल द्वारा आस्था के केन्द्र खेमजी महाराज पर शिव पार्वती प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन कराया गया था उक्त आयोजन मे शिव बारात का आयोजन किया गया जो कि उडाखाड़ हनुमान मंदिर पर जा रही थी जिनमे किसी भक्त द्वारा उन्हे चिडीमार, (खिलोने वाली बन्दुक) घोड़े पर बेठे हुये दी गई जिसे उन्होने चलाया जो कि किसी भी अपराध में नहीं आता है भाजपा युवा मोर्चा द्वारा बिना तथ्य जाने दिये गये झूठी शिकायती ज्ञापन पर विधायक बाबू जण्डेल पर बिना सच्चाई जाने जो मुकदमा दर्ज किया गया है उसे जांच कर वापस लिया जाये। सत्ता के दबाव में की गई कार्यवाही वापस नहीं ली जाती है तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करने को मजबूर हो जाएगी। इस अवसर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रितेश तोमर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुरारी लाल प्रजापति, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम भरत मीणा, छोटू पारिख आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



देहात थाना क्षेत्र के सोंईकलां कस्बे में बीती रात को घर के बाहर खडे ट्रैक्टर की बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। सोंईकलां कस्बे के गांवघेर हनुमान मंदिर क्षेत्र निवासी निवासी रामसिंह सुमन ने बताया कि रोज की भांति उनका स्वराज ट्रैक्टर रात्रि के दौरान घर के बाहर खडा था। परिवार के लोग घर के अंदर सो रहे थे। तभी रात्रि के दौरान ट्रैक्टर की बैटरी चोरी हो गई। जिसका पता उन्हें सुबह नींद खुलने पर चला। इस चोरी का पता चलने पर आसपडोस में रहने वाले लोग भी सकते में आ गए है। जिन्होने अंदेशा जताया है कि चोरी की यह वारदात किसी नशेडी का कारनामा लग रही है।

### निराश्रित बच्चों के मामले में गार्जियन नियुक्त करने के निर्देश

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता से करें: आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता के साथ सकारात्मक रूप से किया जाये। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के आवेदन निराकरण से लंबित नही रहने चाहिए, इनका तत्काल निराकरण किया जायें और आवेदको को अवगत कराया जाये। जनसुनवाई में कुल 112 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने कुम्हारपुरा तहसील वीरपुर निवासी दो नाबालिग एवं निराश्रित बच्चों के मामले में महिला बाल विकास विभाग को गार्जियन नियुक्त करने के निर्देश दिये, जिससे बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ प्रदान करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति की जा सकें। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बच्चों की तत्काल समग्र आईडी जनरेट की जायें और जन्म प्रमाण बनाये जायें, जिससे बच्चों के आधार कार्ड बनाया जा सकें और बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत लाभ प्रदान किया जा सके। बडा इमामबाडा निवासी शमशाद बेग के आवेदन पर जिपं सीईओ ने एलडीएम यदु सॉय को निर्देश दिये कि उत्तराधिकार आदेश अनुसार मृतक पिता के बैंक खाते की जमा राशि वारिसान को दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। आवेदक शमशाद बेग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उसके पिता साजिद बेग का एसबीआई स्टेशन रोड में बैंक खाता था, जिसमें 37 लाख 88 हजार रूपये की राशि जमा है, पिता की मृत्यु के बाद उक्त खाते की राशि के संबंध में मॉ के नाम सक्षम न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है, इसके बाद भी बैंक शाखा द्वारा राशि नही दी जा रही है। जिपं सीईओ ने अजनोई में पेयजल व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए।

# सीप संकल्प पदयात्रा का आयोजन 20 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में विरासत मध्यप्रदेश न्याय चेप्टर श्योपुर द्वारा सीप संकल्प पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सीप रामेश्वर मंदिर संकल्प पदयात्रा 20 फरवरी को सीप नदी के उदगम स्थल ग्राम पनवाडा से पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ होगी तथा 25 फरवरी को त्रिवेणी संगम रामेश्वर पर समापन होगी। नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रूपेश उपाध्याय ने बताया कि यह एक सांस्कृतिक चेतना यात्रा है, जो हमारे श्योपुर जिले की जीवन रेखा सीप के प्रति आदर भाव प्रकट करने तथा हमारे सांस्कृतिक अस्मिता के केन्द्र श्री रामेश्वर महादेव मंदिर त्रिवेणी संगम के अनुरक्षण हेतु जन चेतना उत्पन्न करने के उद्देश्य से की जा रही है। यात्रा के विभिन्न पडाव पर रात्रि चौपाल आयोजित की जाकर लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण आदि के प्रति जागरूक किया जायेगा। यात्रा के 5 पडाव क्रमशः गोरस, नयागांव, मलपुरा, सोईकलां एवं मानपुर रहेगा, उक्त स्थलो से पदयात्रा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगी, जिसमें स्थानीय नागरिक एवं स्वयंसेवी आदि सहभागी होकर सीप नदी के सौन्दर्य के प्रति संकल्प एवं उसके संरक्षण की प्रेरणा देंगे। उन्होने सभी से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करना हमारा कर्तव्य है, अधिक से अधिक संख्या में इस सांस्कृतिक चेतना यात्रा में सहभागी बनें नागरिकगण यदि चाहे तो पूरी यात्रा में सहभागिता कर सकते है या फिर बीच के पडावो से जुडकर पदयात्रा में शामिल हो सकते हैं।

### मस्जिदों की रंगाई पुताई साफ-सफाई पूरी

# बोहरा समुदाय का रमजान माह शुरू, चांद दिखा तो कल होगा रोजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



मंगलवार से शिया दाऊदी बोहरा समुदाय का रमजान माह शुरू हो गया है। उधर सुन्नी मुस्लिम समुदाय अगर बुधवार को चांद दिखाई दिया तो गुरुवार को रोजा रखेगा। चांद दिखाई नहीं दिए जाने पर शुक्रवार को पहला रोजा रखा जाएगा। एक माह तक चलने वाले इस धार्मिक उत्सव की तैयारी मुस्लिम समाज ने पूरी कर ली है खासकर मस्जिदों की रंगा पुताई के साथ-साथ साफ साफ सफाई का काम मस्जिद कमेटियों ने कर लिया है।

शहर काजी अतीकुल्लाह कुरैशी ने बताया कि अगर बुधवार को आसमान पर चांद दिखाई दिया तो इसी रात तरावीह (रमजान माह में पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज) के साथ रमजान माह की शुरुआत हो जाएगी और गुरुवार को पहला रोजा होगा अगर बुधवार को चांद दिखाई नहीं दिया तो पहला रोजा शुक्रवार को रखा जाएगा एक माह तक चलने वाले रमजान माह को मुस्लिम समाज उत्सव की तरह मानता है। मुस्लिम समाज एक माह तक रोजे रखने के साथ पांच वक्त की नमाज अदा करता है रमजान में माह में नमाज पढ़ने वाले मुसलमानों की संख्या बढ़ जाती हैं। जिसके चलते मस्जिद कमेटियों ने नमाजियों के स्वागत के लिए पूरी तैयारी कर ली है। कई मस्जिदों में नई जानमाज (नमाज पढ़ने के लिए बिछाया जाने वाला कपड़ा) खरीदकर बिछा दी गई है और मस्जिदों की रंगाई पुताई भी कर ली है मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ कोन सा कुरान हाफिज पढ़ाएगा यह भी तय कर लिया है।

### तीन चरणों में होगा मूल्यांकन, भोपाल से रहेगी ऑनलाइन निगरानी

# २२ से उत्कृष्ट स्कूल में शुरू होगा बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा इन दिनों आयोजित की जा रही हाईस्कूल व हायर सेकंडरी परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन श्योपुर जिला मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में होगा। मूल्यांकन का काम तीन चरणों में सम्पन्न होगा। पहले चरण का मूल्यांकन 22 फरवरी से शुरू होगा। जबकि दूसरा चरण 29 फरवरी और मूल्यांकन का तीसरा चरण 9 मार्च से शुरू होगा। मूल्यांकन में लगने वाले सभी शिक्षकों की ट्रैनिंग 21 फरवरी को आयोजित की जाएगी।

खास बात यह है कि इस बार मूल्यांकन के दौरान उत्कृष्ट स्कूल में न सिर्फ पुलिस सुरक्षा रहेगी, बल्कि माशिमं भोपाल से भी ऑनलाइन निगरानी रहेगी। इसके लिए मूल्यांकन केन्द्र पर 25 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। वही मूल्यांकन में लगने वाले शिक्षकों की हाजिरी भी ऑनलाइन की लगाई जाएगी। मूल्यांकन केन्द्र पर 20 फरवरी तक पहले चरण के मूल्यांकन के लिए किसी दूसरे जिले की उत्तरपुस्तिकाएं लाई जाएगी, मूल्यांकन केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर में मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रखने के लिए प्रेक्षक की नियुक्ति भी की जाएगी। प्रेक्षक की मौजूदगी में ही स्ट्रांग रुम से उत्तरपुस्तिकाएं निकालने व जमा करने की व्यवस्था रहेगी।

इस संबंध में मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य सीताराम आदिवासी का कहना है कि बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 22 फरवरी से शुरू होगी।जो शिक्षक मूल्यांकन में लगेंगे,उन्हें इस बार एप के जरिए अपनी उपस्थिति लगानी होगी। मूल्यांकन केन्द्र पर मूल्यांकन के दौरान बोर्ड के निर्देशो के अनुसार पूरे सुरक्षा प्रबंध रखे जाएंगे।

#### अब एप से लगेगी मूल्यांकनकर्ताओं की हाजिरी

22 फरवरी से शुरू होने वाले बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य में लगने वाले शिक्षकों की हाजिरी के लिए इस बार से डिजीटल प्रणाली लागू कर दी गई है। इसलिए अब मूल्यांकन में जो शिक्षक लगेगे,उन्हें मूल्यांकन केन्द्र पर सुबह 10 बजे से पहुंचकर अपना कार्य शुरू करने से पहले मोबाइल एप के जरिए अनिवार्य रूप से अपनी हाजिरी लगानी होगी। एप में स्वयं के मोबाइल से एंट्री के बिना कॉपी जांचने की अनुमति नहीं होगी। जांची गई कॉपियों का रिकॉर्ड एप और रजिस्टर दोनों में दर्ज करना होगा। निरीक्षण दल भी एप आधारित डाटा के जरिए ही केन्द्रों की मॉनीटरिंग करेगा।वहीं पूरा मूल्यांकन केन्द्र सीसीटीवी कैमरो की निगरानी में रहेगा।इसके लिए 25 सीसीटीवी कैमरे एक्टिव रहेगे। जिसके चलते फर्जी उपस्थिति, देरी और लापरवाही की संभावनाओं पर रोक लग जाएगी।

#### प्रतिदिन जांचनी होगी 45 से 60 कॉपियां

बताया गया है कि इस बार जो शिक्षक बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन के दौरान ड्यूटी देगे,उन पर इस बार काम का दबाव भी रहेगा। क्योंकि उन्हें अब प्रतिदिन 45 से 60 उत्तरपुस्तिकाएं अनिवार्य रूप से जांचनी होगी। जबकि अभी तक 30 से 45 कॉपियां प्रतिदिन जांचना जरूरी था।इसके साथही मूल्यांकन कार्य के लिए मानदेय भी निर्धारित कर दिया गया है। हाईस्कूल की प्रत्येक उत्तरपुस्तिका जांचने के बदले 15 रूपए व हायर सेकंडरी की प्रत्येक उत्तरपुस्तिका के बदले 16 रुपए पारिश्रमिक के रूप में मिलेंगे। मुख्यालय के बाहर से आने वाले शिक्षकों को 180 रूपए प्रतिदिन वाहन भत्ता मिलेगा। जबकि स्थानीय शिक्षकों को 130 रूपए प्रतिदिन दिए जाएंगे। मूल्यांकन में किसी भी प्रकार से गड़बड़ी होने पर संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश भी मंडल ने दिए हैं।

#### मूल्यांकन केन्द्र पर रहेगी लेडलाइन फोन की व्यवस्था

मूल्यांकन कार्य में लगने वाले सभी शिक्षकों का मूल्यांकन कार्य के दौरान मोबाइल एप के जरिए हाजिरी लगाने के साथही मूल्यांकन केन्द्र पर जमा हो जाएगा। जो उन्हें शाम 5:30 बजे मूल्यांकन का काम समाप्त होने पर मिलेगा। जिसके जरिए प्रतिदिन कॉपी जांचने का रिकॉर्ड भी एप पर दर्ज करना आवश्यक होगा। मूल्यांकन के दौरान किसी शिक्षक के घर पर यदि कोई जरूरी काम आ जाए तो परिजनों को उसकी सूचना देने के लिए मूल्यांकन केन्द्र पर एक लेडलाइन फोन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके नंबर मूल्यांकन में लगने वाले सभी शिक्षकों को उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

### सार्वजनिक स्थानों पर लगी डीपी के चारों ओर की बैरिकेडिंग

# सड़क पर पसर रही मौत को रोकने बिजली कंपनी की बाड़ेबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर में बिजली के ऐसे पोल जिनमें कंपनी ने बिजली सप्लाई के लिए ट्रांसफार्मर लगाए हुए हैं उनके तारों में उलझकर कोई हादसा ना हो जाए इस उद्देश्य से सभी की बैरिकेडिंग करने का काम इन दिनों तेजी के साथ किया जा रहा है। बाजारों के साथ साथ तंग बस्तियों मोहल्लों में लगे आधा सैकड़ा से भी अधिक ट्रांसफार्मर के चारों ओर बैरिकेडिंग का काम लगभग पूरा भी हो गया है।

शहर में जगह-जगह खुले पड़े ट्रांसफार्मर से हमेशा खतरे का अंदेशा बना रहता था इंसान और जानवर दोनों को इससे लगातार खतरा बना हुआ था कई जानवर करंट की चपेट में आकर मौत के शिकार हो चुके थे। कुछ लोगों को भी करंट लग चुका हैं। मौत को आमंत्रण दे रहे इन खुले तारो से लोगों को सुरक्षित किया जाए इसकी मांग लगातार उठती रही है। अब बिजली कंपनी सड़क किनारे लगे सभी ट्रांसफार्मर को लोहे के एंगल और जाल से इस तरह कवर्ड कर दिया है कि लोग अथवा जानवर उनके पास ना जा सके जिससे हादसा होने से बचा रहे बिजली कंपनी के इस कवायद का शहर वासियों ने खुले दिल से स्वागत किया है।

### मंत्री विजय शाह के समर्थन में आगे आए जनजाति समाज के युवा व छात्र, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्रदेश के जनजाति कार्य मंत्री डॉ कु.विजय शाह के समर्थन में उतरे श्योपुर जिले के जनजातीय व अन्य समाज के आधा सैंकड़ा से अधिक युवा और छात्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मंत्री डॉ कु विजय शाह की भाषा की त्रुटि हेतु जिसके लिए उन्होंने चार बार सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली गई है, इस विषय पर उन्हें माफ करते हुए प्रकरण को समाप्त कर देना चाहिए। क्योंकि वे जनजाति वर्ग के सर्वमान्य नेता हैं। जिसे आदिवासी जनजाति समाज की जनभावनाएं जुड़ी हुई है।

**विज्ञप्ति**

मैं कीर्ति बंसल अग्रवाल पत्नी डॉ. भोलाराम बंसल, मकान नं. 25-26 मयूर बिहार कालोनी विकास नगर श्योपुर, जिला श्योपुर, म.प्र. की स्थाई निवासी हूँ। पूर्व में मेरा नाम कीर्ति बंसल था। जिसको मैने परिवर्तन कर कीर्ति बंसल अग्रवाल कर लिया है और मैं इसी नाम से जानी पहचानी जाती हूँ। मेरे से दस्तावेज में भविष्य में कीर्ति बंसल अग्रवाल के नाम से जाना पहचाना जाये। इस हेतु मैं दैनिक समाचार पत्र में अपना नाम कीर्ति बंसल अग्रवाल के नाम से जाना व पहचाना जावे।

भुवदीया
कीर्ति बंसल अग्रवाल पत्नी डॉ. भोलाराम बंसल, मकान नं. 25-26 मयूर बिहार कालोनी विकास नगर श्योपुर, जिला श्योपुर, म.प्र.

## खबर संक्षेप

### बरदौरा में आज से 7 दिवसीय शिविर शुभारंभ

**बीना।** गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर आज से शुरु होगा। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रश्मि जैन ने बताया कि ग्राम बरदौरा में 18 फरवरी को दोपहर 12 बजे शिविर का उद्घाटन किया जाएगा, जिसका समापन 25 फरवरी को होगा। शिविर के दौरान छात्राएं ग्राम में साफ सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश देंगी।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेमरखेडी निवासी ऊदल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामवीर, शिवेन्द्र, हरीसिंह, रामराजा दांगी व 7 से 8 अन्य लोगों ने उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की व मोटरसाईकिलों की तोडफोड कर दी और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकवारा निवासी घनश्याम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामेश्वर शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंघपुर ताल निवासी सुनील आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सूरज आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी सुमित लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विवेक जाटव ने पुरानी रंजिस को लेकर फरियादी के भाई दीपक लोधी और उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरिया में भरत सिंह यादव उम्र 42 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकशी कर ली, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात चोर सामान चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम सोवत निवासी शारदाबाई रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फरियादी के घर से अज्ञात आरोपी बीती रात बक्से से रात के समय पुराने सोने चांदी के जेवर व नगदी सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बाइक स्पीड ब्रेकर पर फिसली एक घायल

**अशोकनगर।** कचनार थाने के अंतर्गत आरोन तहसील के तहत निवासी देवेंद्र पुत्र रतनलाल प्रजापति उम्र 32 वर्ष अपने साथी के साथ बाइक से अशोकनगर आ रहा था तभी स्पीड ब्रेकर पार करते समय बाइक फिसल गई जिसमें देवेंद्र घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल लाया जाए घायल के साथी ने बताया कि किसी व्यक्ति ने रोड पर पानी देने के लिए नाली खोदी थी जिसमें पाइप डाला हुआ था इस पाइप पर बाइक पिछली है जिससे उसे छोटा आई है घायल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है घटना डोगरा पत्थर गांव के पास की बताई जा रही है।

### जिला टास्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को जिला टॉस्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, वन, जिला अभियोजन, स्वास्थ्य, खाद्य, परिवहन, जनजातीय कार्य, खनिज, आबकारी, खाद्य सुरक्षा विभागों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, जिला वन मण्डाधिकारी प्रतिभा अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस विभाग अंतर्गत गैर बैंकिंग कम्पनियों/ चिटफण्ड कंपनियों, माइक्रो फायनेंस कंपनियों आदि की समीक्षा की।

वीरान घाटी में हुई थी अधिवक्ता की निर्मम हत्या

# हत्या के मास्टर माइंड 30 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



पुलिस ने दिनांक 14.02.26 को फरियादी कुलदीप सक्सैना पुत्र स्व.रामरतन सक्सैना उम्र 39 साल निवासी घरियाली मुहल्ला करैरा ने रिपोर्ट की कि दिनांक 14/02/26 को उसके बडे भाई एडवोकेट संजय कुमार सक्सैना अपने मकान से बांस पहाडी के रास्ते होते हुए मोटरसाईकिल से करैरा न्यायालय की तरफ जा रहे थे । करीवन 11.50 बजे रास्ते से जाने वाले अन्य वकीलो ने संजय सक्सैना को रास्ते मे मोटरसाईकिल के वगल मे गिरे हुए देखा और पाया कि उनके सीने मे गोली लगने का निशान है , घटना की सूचना फरियादी कुलदीप सक्सैना को मिली तो वह मोके पर पहुंचा और पाया की उसके भाई संजय सक्सैना की मृत्यु हो चुकी थी । सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मोके पर पहुंची ,और मोके की कार्यवाही कर मृतक संजय सक्सैना को डायल 112 की मदद से शासकीय अस्पताल करैरा पहुचाया पुलिस महानिरीक्षक अरविन्द कुमार सक्सैना जी तथा उप पुलिस महानिरीक्षक अमित सांघी जी द्वारा घटना की सूचना मिलते ही बारीकी से प्रत्येक विन्दु पर सूक्ष्मता से जांच करने के आदेश दिये तथा लगातार मोनीटिरिंग की । पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर घटना के संज्ञान मिलते ही तत्काल घटना स्थल के लिये रवाना हुए ,पीडित परिजनो को संभल दिया तथा जांच के लिये टीमे गठित की । अति0पुलिस अधीक्षक संजीव मुले जी ने सायवर सैल शिवपुरी मे पहुँचकर सभी तकनीकी तथ्यो का विश्लेषण शुरु किया । फरियादी कुलदीप सक्सैना की रिपोर्ट पर से अपराध क्र. 112/26 धारा 103(1),3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया ।

फरियादी कुलदीप सक्सैना ने वताया की उसके भाईसाहब सिविल कोर्ट मे जमीनी विवाद के केश लडते थे । भाईसाहब ने कुछ समय पहले हमारे गाँव के कमलेश शर्मा के खिलाफ, मिठुआ जाटव का केश लडा था जिसको लेकर कमलेश शर्मा व उसके चाचा सुनील शर्मा व नीरज शर्मा के साथ उनकी रंजिस हो गयी थी । वर्ष 2015 मे हुए पंचायत चुनाव मे मृतक संजय सक्सैना व सुनील शर्मा सरपंच पद के लिये आमने - सामने थे , जिसके वाद इनके वीच चुनावी मतभेद शुरु हो गये थे । मृतक संजय सक्सैना की ग्राम सिगदौआ मे कृषि भूमि पर कव्जे को लेकर भी सुनील शर्मा व कमलेश शर्मा के साथ विवाद हो चुका था जिसमे पुलिस द्वारा कार्यवाही की गयी थी । सुनील व कमलेश शर्मा द्वारा इन्हे उक्त केश वापस लेने के लिये दवाव वनाया जा रहा था ।

एस.डी.ओ.पी.करैरा आयुष जाखड़ द्वारा कुल 06 टीमे गठित की गयी जिनका नेतृत्व थाना प्रभारी सुरवाया उनि अरविन्द्र छारी ,थाना प्रभारी अमोला उनि अंशुल गुप्ता ,चौकी प्रभारी सुनारी उप निरि0 चेतन शर्मा, चौकी प्रभारी हिम्मतपुर उनि धर्मेन्द्र गुर्जर, चौकी प्रभारी थनरा उनि रामानंद पचौरी एवं सायवर सैल प्रभारी उनि धर्मेन्द्र जाट के द्वारा किया गया । 06 टीमे अलग - अलग दिशाओ मे गहनता से जांच करने लगी जिसमे चश्मदीद लोगो के वयान , मुखविर सूचना , सीसीटीव्ही कैमरो का अवलोकन ,फिंगर प्रिंट व अन्य तकनीकी साक्ष्यो का संकलन किया गया । इनसे प्राप्त संकेतो के आधार पर अन्य आरोपी की तालाश मे पुलिस टीमे दिनारा,टोरिया,झाँसी की तरफ रवाना हुई ।

पूर्व में सुनील शर्मा एवं कमलेश शर्मा को राउँडअप कर हिकमत अमली से पूँछताछ की गई थी पूछताछ पर दोनो आरोपीगणों ने बताया था कि बह दोनो चाचा भतीजे ने संजय वकील से पुरानी सरपंची एवं जमीन की रंजिस को लेकर संजय वकील को खत्म करने की योजना वनाई थी जिसमे उन्होंने टोरियाकला के सचिन रावत से संपर्क कर सचिन रावत को संजय वकील को खत्म करने के लिये 10 लाख की सुपारी दी थी जिसमे 02 लाख रुपये एडवांस के रुप मे दे दिये थे वाकी के 08 लाख रुपये काम होने पर देना थे । सचिन रावत ने ही संजय वकील को खत्म करने वाले बदमाश पपेन्द्र पुत्र हरदास रावत निवासी चांदपुर थाना डवरा जिला ग्वालियर, राजकुमार उर्फ गोलू रावत पुत्र अरविन्द्र रावत निवासी घूघसी थाना बडोनी जिला दतिया ,जहीर खान पुत्र रफीक खान निवासी घूघसी थाना बडोनी जिला दतिया को एडवांस में 02 लाख रूपये दिये थे तीनो बदमाशो ने ही संजय वकील की गोली मारकर हत्या कर दी थी । दिनांक 17.02.26 को एसडीओपी महोदय अनुभाग करैरा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी करैरा अपनी टीम के साथ उक्त आरोपी की तालाश मे निकले हुए थे ,जहां मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपराध का मास्टरमाइन्ड़ आरोपी सचिन रावत रक्शा झाँसी के पास राजापुर में छिपा हुआ है । आरोपी-सचिन रावत पुत्र माधौ सिह रावत नि.ग्राम टोरियाकला थाना करैरा जिला शिवपुरी को रक्शा झाँसी से गिरफ्तार किया गया आरोपी से पूँछताछ की जा रही है ।

सराहनीय भूमिका झ थाना प्रभारी करैरा निरी0 विनोद छावई ,थाना प्रभारी सुरवाहा उनि अरविन्द्र छारी ,थाना प्रभारी अमोला उनि अंशुल गुप्ता ,चौकी प्रभारी सुनारी उप निरि0 चेतन शर्मा, चौकी प्रभारी हिम्मतपुर उनि धर्मेन्द्र गुर्जर , सायवर सैल प्रभारी धर्मन्द्र जाट, चौकी प्रभारी थनरा उनि रामानंद पचौरी ,सउनि चरण सिंह ,प्रआर 891 डैनी कुमार ,प्र.आर.हर्ष झा थाना सुरवाया , प्रआर राजेन्द्र सिंह थाना सुरवाया ,प्रआर दीपक उपाध्याय थाना अमोला, प्रआर विकाश चौहान आदि थे।

गौ सेवा दल ने नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

# गोवंश का अंतिम संस्कार निर्मित विद्युत शवगृह में करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गौ सेवा दल अध्यक्ष राजेंद्र यादव के नेतृत्व में गौ सेवकों ने गौ वंश को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि कृषि उपज मंडी में अनाज को छानने के बाद बचे हुए छानन में कई प्रकार की दवाईयां सल्फास आदि मिली होती है। जिसको खा कर गौ वंश सहित अन्य जानवर बीमार हो कर मर रहे है, अतः उसको सार्वजनिक स्थानों पर न फेंका जाए। इसके अलावा बीमार गौ वंश के उपचार के लिए एक गौ वाहन (पशु एंबुलेंस) जिसमें बीमार गौ वंश को इलाज के लिए उठाकर लाया जा सके। शहर के शादीहाल, मैरिज गार्डन, धर्मशाला आदि में होने वाले विवाह आदि कार्यक्रमों के बाद सारी सामग्री को ऐसे ही खुले में फेंका जा रहा है, जिसमें भोजन पदार्थों के साथ प्लास्टिक डिस्पोजल आदि भी खुले में फेंके जा रहे हैं। जिसको गौवंश खाकर बीमार हो रहे है। उन पर कार्यवाही करने की मांग की है। इसके अलावा मृत गौ वंश को इधर उधर फेंके जा रहे गौवंश का निर्मित विद्युत शवगृह में अंतिम संस्कार करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राजेन्द्र यादव, जसविन्दर सिघ संधू, अमित विश्वकर्मा, शुभम सेन, नीलेश यादव, आदित्य चढार, हरि चौरसिया, विवेक राजपूत, अनुराग जैन, शिवम पाठक, सुमित यादव, नितेश यादव, राहुल ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# रात्रि में थाना भौंती का औचक निरीक्षण कर एसडीओपी ने गश्त व्यवस्था परखी

**भौंती।** थाने में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा ने रात्रि के समय थाना भौंती पहुंचकर औचक निरीक्षण किया तथा गश्त में तैनात पुलिस बल की सक्रियता जांची। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में 14-15 फरवरी की दरम्यानी रात को की गई।

निरीक्षण के दौरान रात्रि ड्यूटी पर आरक्षक पीकेश थाना परिसर में उपस्थित मिले। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी भौंती निरीक्षक घनश्याम भदौरिया भी थाने पहुंचे। एसडीओपी ने थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक टीप अंकित की और प्रकरणों में की जा रही कार्यवाहियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

थाने की हवालात का निरीक्षण करने पर कोई बंदी नहीं पाया गया। थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा परिसर को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही रात्रि गश्त में तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ भ्रमण कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए।




एसडीओपी ने शत-प्रतिशत वारंट तामीली सुनिश्चित करने, अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए निरंतर सक्रियता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाने के सभी सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था में पाए गए, जिस पर संतोष व्यक्त किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रात्रि गश्त अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

बिजनेस साइट

## फ्लेक्सीकैप फंड्स में एसआईपी अलग-अलग साइकिल में निवेश करें

**ग्वालियर।** इक्विटी इन्वेस्टिंग के खास नुक्तों में डाइवर्सिफिकेशन, लंबे समय तक निवेश और अलग-अलग समय पर निवेश शामिल हैं। फ्लेक्सी कैप म्यूचुअल फंड्स में लॉन्ग-टर्म सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान्स या एसआईपी तय करने से निवेशक सफल इक्विटी इन्वेस्टिंग के लिए तीनों चीजों पर टिक कर सकते हैं। यहाँ बताया गया है कैसे।



सचिन भूरानी
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, ग्वालियर

कंपनियों, सेक्टर्स और मार्केट कैपिटलाइजेशन में निवेश को फैलाने से किसी एक मार्केट सेगमेंट में खराब प्रदर्शन के कारण पोर्टफोलियो में भारी नुकसान का जोखिम कम हो जाता है। फ्लेक्सी कैप म्यूचुअल फंड्स लार्ज, मिड और स्मॉल साइज के बिजनेस में निवेश करके यह डाइवर्सिफिकेशन देते हैं। यह डाउनसाइड जोखिम को कम करके पोर्टफोलियो प्रदर्शन को आसान बनाने में मदद करता है।

एक एसेट क्लास के तौर पर इक्विटीज शॉर्ट-टर्म में इकोनॉमिक डेटा, पॉलिसी में बदलाव या वैश्विक घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया करते हुए उतार-चढ़ाव हो सकता हैं। हालांकि, लंबी अवधि में, स्टॉक की कीमतें अंदरूनी बिजनेस परफॉर्मेंस से जुड़ी होती हैं। और जैसे-जैसे बिजनेस की कमाई बढ़ती है और कंपाउंड होती है, निवेशकों को ज्यादा स्टॉक कीमतों के रूप में रिवॉर्ड मिलता है। लंबे समय तक किए गए निवेश वाले फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करने से फंड मैनेजर को मार्केट साइकिल में चलने के लिए जरूरी समय मिलता है, और पोर्टफोलियो को स्टॉक के फंडामेंटल को दिखाने का मौका मिलता है।

एसआईपी ऐसा टूल हैं जिनका इस्तेमाल म्यूचुअल फंड में निवेश को धीरे-धीरे करने के लिए किया जाता है। एकमुश्त रकम इन्वेस्ट करने के बजाय, एसआईपी नियमित अंतराल पर निवेश को फैलाने में मदद करते हैं। इससे मार्केट की गलत टाइमिंग का जोखिम कम हो जाता है, जैसे मार्केट के उच्चतम स्तरों पर खरीदना या बाजार के निचले स्तरों पर बेचना। एसआईपी मार्केट साइकिल में खरीदने की लागत को भी एवरेज करते हैं, जब कीमतें नीचे होती हैं तो ज्यादा म्यूचुअल फंड यूनिट खरीदते हैं और जब कीमतें ऊपर होती हैं तो कम यूनिट खरीदते हैं। ऑटोमेटेड होने के कारण, एसआईपी से निवेश करने वाले निवेशक के मूड या इच्छाशक्ति पर बचत छोड़ने के बजाय निवेश अनुशासन भी सिखाते हैं।

अभी के समय में जब मैक्रोइकोनॉमिक और जियोपॉलिटिकल अनिश्चितताएं इक्विटी मार्केट पर भारी पड़ रही हैं, तो कंसन्ट्रेटेड निवेश, कम निवेश अवधि और मार्केट को टाइम करने की कोशिश जैसी रणनीति से बचना ही बेहतर है। फ्लेक्सी कैप फंड में लंबे समय का एसआईपी एक समझदारी वाली रणनीति है।

इसलिए, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। यह फंड एक प्रभावशाली रणनीति को फॉलो करता है, जो मौजूदा हालात के आधार पर मार्केट कैपिटलाइजेशन में निवेश करता है। एसआईपी निवेशकों के लिए, इसने अच्छा रिटर्न दिया है, एक साल में 6.99 प्रतिशत सीएजीआर, तीन साल में 12.94 प्रतिशत सीएजीआर और शुरुआत (जुलाई 2021) से 31 जनवरी, 2026 तक 14.76 प्रतिशत सीएजीआर दर्ज किया है।

# महाशिवरात्रि पर्व पर मेले का आयोजन

अशोकनगर।नईसराय तहसील मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कालाबाग पोला पहाड़ शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया रविवार को पूरे दिन लाखों भक्तों ने शिव पोला पहाड़ पर जाकर दर्शन किए। जिसके चलते काफी दूर तक महिलाओं,पुरुषों की लंबी लाइन देखने को मिली वहां पर प्रसिद्ध कथा वाचक महेंद्र पारसमणी महाराज निवासी शिवपुरी द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कालाबाग गांव में एक ऐसा स्थान है जहां पर भगवान भोलेनाथ का काफी प्राचीन मंदिर है इसके साथ ही मंदिर प्रति शिवरात्रि पर मेला लगता है जिसके तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है कालाबाग में काले पत्थर से बने कालेश्वर महादेव का शिवरात्रि पर अभिषेक व विशेष श्रृंगार व पूजा अर्चना की जाती है उल्लेखनीय है कि कालाबाग में काले पत्थर से बने कालेश्वर महादेव की शिवलिंग ने एक अलग ही पहचान दिलाई है यह शिवलिंग एक गुफा में स्थित है जो भक्तों की आस्था का केंद्र है यह गुफा लगभग 3 वर्ग किलोमीटर के दायरे में फैली है तथा पहाड़ पर स्थित इसे पोला पहाड़ के नाम से भी जाना जाता है। इस गुफा का निर्माण किसने करवाया इसके बारे में किसी के पास कोई प्रमाण नहीं है हालांकि बुजुर्ग बताते हैं कि यह गुफा करीब 400 साल पहले की है जहां शिव भक्त हर दिन दर्शन करने को आते हैं जहां भक्तों की भीड़ लगती है। वहीं प्रशासन की तरफ से नई सराय तहसीलदार मयंक तिवारी एवं थाना प्रभारी मनीष आदि रहे मौजूद।

## थाना देहात ने मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग महिला को परिजनों से मिलाया

**अशोकनगर।** थाना देहात द्वारा मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग महिला को परिजनों से मिलाया। परिवार जनों से मिलने के बाद महिला के चेहरे पर खुशी देखी गई। उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी को थाना देहात क्षेत्र के ग्राम राजतला से डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात बुजुर्ग महिला गांव में भटक रही है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही है तथा अपने संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली की 112 एफआरव्ही-12, जिसमें ड्यूटीरत प्रआर अरुण पाल उपस्थित थे, तत्काल मौके पर पहुंचे और महिला को सुरक्षित थाना देहात लेकर आए। थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा महिला से नाम एवं निवास स्थान के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। महिला ने अपना नाम किशन बाई बताया तथा खिरियाटांका एवं आसपास के कुछ गांवों के नाम बताए, साथ ही यह भी बताया कि वह तालाब के पास रहती है। हालांकि वह अपने परिवार के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थीं। प्राप्त संकेतों के आधार पर चीता-3 को तुलसी सरोवर तालाब क्षेत्र में जानकारी जुटाने हेतु रवाना किया गया। साथ ही महिला का फोटो एवं नाम, उनके द्वारा बताए गए गांवों के सरपंचों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर पहचान कराने का प्रयास किया गया। तत्पश्चात एक व्यक्ति द्वारा महिला की पहचान किशन बाई यादव, निवासी ग्राम खिरियाटांका, हाल निवासी डॉक्टर कॉलोनी के रूप में की गई तथा उनके पुत्र चन्द्रपाल सिंह पुत्र गोविन्द सिंह यादव की जानकारी उपलब्ध कराई गई। सूचना के आधार पर चीता-3 को डॉक्टर कॉलोनी भेजकर महिला के पुत्र से संपर्क किया गया और उन्हें थाने बुलाया गया। थाना देहात में पुत्र द्वारा महिला की पहचान अपनी माता के रूप में की गई।

महाशिवरात्रि के बाद सुहागले कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज की पांच सौ से अधिक महिलाएं हुईं शामिल

# सुहागले का अर्थ केवल सजना-संवरना नहीं बल्कि संस्कारों का पालन करना भी है: शिल्पी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

महाशिवरात्रि के उपरांत परशुराम युवा मंडल के तत्वावधान में सुहागले कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें ब्राह्मण समाज की पांच सौ से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिल्पी अभिषेक भार्गव रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिल्पी अभिषेक भार्गव ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। यदि हम संगठित नहीं हुए तो आने वाले समय में यह पश्चाताप रह जाएगा कि हम साथ क्यों नहीं चले। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज का दायित्व समाज को दिशा देना है, इसलिए हमें स्वयं दिशाहीन नहीं होना चाहिए।

महिलाओं की भूमिका पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि समाज की महिलाएं एक-दूसरे का सहयोग करें और परिवार की बहुएं मर्यादा व संस्कारों का पालन करें। उन्होंने महिला शब्द का अर्थ समझाते हुए बताया कि म का अर्थ ममता, हि का अर्थ हिम्मत और ला का अर्थ लाज है। इन तीनों गुणों से युक्त महिला को कोई भी घर से बाहर निकलने से नहीं रोक सकता। उन्होंने यह भी कहा कि जब महिलाएं भोजन बनाती हैं तो उनके मन के विचार भोजन के स्वाद को प्रभावित करते हैं। सुहागले का अर्थ केवल सजना-संवरना नहीं, बल्कि संस्कारों का पालन करना भी है। कार्यक्रम में पूनम तिवारी, ज्योति दुबे, प्रेमवती तिवारी, मंजू दीक्षित, सुधा तिवारी, पूनम सिरोठिया, पुष्पा बबेले, सावित्री गोस्वामी, मोनिका दुबे, मेकल रिछारिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। आयोजन का संयोजन विनय चतुर्वेदी, ब्रजमोहन तिवारी, शिवेन्द्र मिश्रा, पंकज तिवारी, पुष्पेन्द्र दुबे, राजेन्द्र उपाध्याय, रमाकांत बिलगैंया, लोमस तिवारी, प्रदीप तिवारी, निखिल तिवारी, राजीव रिछारिया तथा परशुराम युवा मंडल की टीम ने किया।



अजा मंडल अध्यक्ष बने विधायक प्रतिनिधि राम सिया परिहार

# विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति से खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

विधानसभा क्षेत्र करैरा में जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पण का एक और उदाहरण सामने आया है। क्षेत्र के लोकप्रिय एवं कर्मठ विधायक रमेश प्रसाद खटीक द्वारा जनहित को सर्वोपरी रखते हुए तहसील करैरा में विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति की गई है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है तथा जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों द्वारा इस निर्णय की खुले दिल से सराहना की जा रही है। विधायक रमेश प्रसाद खटीक द्वारा जारी अधिकृत पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि दिनारा से अनुसूचित जाति के मण्डल अध्यक्ष रामसिया परिहार, निवासी ग्राम जरगंवा अव्वल, तहसील करैरा, जिला शिवपुरी को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन-प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से की गई है।



दिनारा भारतीय जनता पार्टी से अनुसूचित जाति के मण्डल अध्यक्ष रामसिया परिहार लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और आमजन की समस्याओं को लेकर सदैव संवेदनशील रहे हैं। उनकी सक्रियता, जनसेवा के प्रति समर्पण और क्षेत्र में मजबूत जनसंपर्क को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्रवासियों में यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि अब उनकी समस्याओं का समाधान और अधिक तेजी और प्रभावी तरीके से हो सकेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने रामसिया परिहार का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। सभी ने विधायक रमेश प्रसाद खटीक के इस निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र के विकास और जनसेवा को नई दिशा देने वाला साबित होगा। विधायक रमेश प्रसाद खटीक हमेशा से ही क्षेत्र के विकास, जनकल्याण और पारदर्शी प्रशासन के पक्षधर रहे हैं। उनके नेतृत्व में करैरा विधानसभा क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों को गति मिली है और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति भी उसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे आमजन की आवाज सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुंच सकेगी।

क्षेत्रवासियों ने विधायक रमेश प्रसाद खटीक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय जनभावनाओं के अनुरूप है और इससे क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी। सभी ने नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि रामसिया परिहार को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे जनसेवा के इस दायित्व का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।